ना भूल मेरी माँ

माँ तुझको सजदा करूं
माँ तेरी पूजा करूं
मेरी विनती को कर ले कबूल मेरी माँ
अपने बेटे को जाना ना भूल मेरी माँ

करुणा की नजरों से देखना गरीब को
फिर से सवारों मेरे बिगड़े नसीब को
मुझ पे कृपा करो, मेरी झोली भरो
लेके आया हूं श्रद्धा के फूल मेरी माँ
अपने बेटे को जाना ना भूल मेरी माँ

सुमति का वर दे दो मेरे परिवार को
कभी ना भुलाऊं दाती तेरे उपकार को
मैं दीवाना तेरा, माँ मसताना तेरा
मैं तेरे भक्तों के चरणों की धूल मेरी माँ
अपने बेटे को जाना ना भूल मेरी माँ

मन में बुराइयां ना कोई भी विकार हो
सुबह-शाम मैया बस तेरा ही दीदार हो,
तुझको देखूं सदा, मां तुझको चाहूं सदा,
मेरी श्रद्धा नहीं है फिजूल मेरी माँ ,
अपने बेटे को जाना ना भूल मेरी माँ ,

अर्जी लगाते हैं विक्रम - चौहान माँ ,
खुशियों से खेले दाती सहारा ही माँ,
ना कोई भूखा रहे, ना कोई प्यासा रहे,
कोई ऐसा बना दो असूल मेरी माँ,
अपने बेटे को जाना ना भूल मेरी माँ ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16027/title/naa-bhool-meri-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |